Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:37 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 7:15 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 175 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 3 जनवरी 2025

दबंग 2 में छेदी के भाई का रोल...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### कोहरे में लिपटा हरियाणा, विजिबिलिटी 10 मीटर तक

**नई दिल्ली।** हरियाणा भीषण ठंड की चपेट में है। शुक्रवार को प्रदेश के कई जिलों में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी 10 मीटर तक पहुंच गई है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में ठंड से राहत भी नहीं है। चंडीगढ़ मौसम विज्ञान विभाग के निदेशक सुरेंद्र पाल के मुताबिक हरियाणा में आगामी तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 03 से 05 सेल्सियस तक की वृद्धि देखने को मिल सकती है। उसके बाद कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। शुक्रवार को हिसार, झज्जर, रेवाड़ी, पंचकूला, महेंद्रगढ़ और भिवानी समेत कई जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है। जिसकी वजह से विजिबिलिटी 10 से 20 मीटर तक दर्ज की गई है। लोग ठंड से बचने के लिए आग जलाकर बैठे हुए हैं। हरियाणा में आगामी तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 03 से 05 सेल्सियस तक की वृद्धि देखने को मिल सकती है। उसके बाद कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। हालांकि, मौसम विभाग की तरफ से प्रदेश में चार से पांच जनवरी को बारिश होने की संभावना जताई गई है। जिसकी वजह से तापमान में भारी गिरावट देखने को मिल सकती है। विभाग के अनुसार पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आने वाली हवाओं के चलते दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और पंजाब में बारिश होगी।

### सीएम धामी ने वीर शिरोमणि माधव सिंह भंडारी कृषि विकास मेले का शुभारंभ



**देहरादून।** टिहरी में आज से पांच दिवसीय वीर शिरोमणि माधव सिंह भंडारी राजकीय औद्योगिक कृषि विकास मेले का शुभारंभ हुआ है। मेले के उद्घाटन समारोह में सीएम धामी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज टिहरी में कीर्तिनगर ब्लॉक के मलेथा गांव पहुंचे। यहां उन्होंने पांच दिवसीय वीर शिरोमणि माधव सिंह भंडारी राजकीय औद्योगिक कृषि विकास मेले का उद्घाटन किया।

# 50 दिन का मेगा ब्लॉग, कई ट्रेनें की रद्द, छह का रूट डायवर्ट

**देहरादून/हरिद्वार**
हमारे संवाददाता

कोहरे के कारण दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 तक तीन महीने के लिए 30 ट्रेनें पहले से ही निरस्त हैं। अब जनवरी और फरवरी में भी रेलयात्रा करने वालों को परेशानी उठानी होगी।

बालामऊ रेलवे स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग का काम होने से 50 दिन मेगा ब्लॉक रहेगा। ऐसे में कई ट्रेनों को रद्द किया गया है। कुछ का रूट बदला गया है। ऐसे में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। कोहरे के कारण दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 तक तीन महीने के लिए 30 ट्रेनें पहले से ही निरस्त हैं। अब जनवरी और फरवरी में भी रेलयात्रा करने वालों को परेशानी उठानी होगी।



**बालामऊ रेलवे स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग का काम**

दरअसल, मुरादाबाद-लखनऊ रूट के बालामऊ स्टेशन पर रेलवे ने एक जनवरी से यार्ड रीमॉडलिंग का काम शुरू किया है। यह काम 19 फरवरी तक चलेगा। 50 दिन के इस मेगा ब्लॉक के दौरान लक्सर, रुड़की, हरिद्वार होकर चलने वाली कई ट्रेन रेल मुख्यालय ने अलग-अलग तिथि में रद्द की हैं। इनमें कानपुर-जम्मूतवी-कानपुर सुपरफास्ट पूरे 50 दिन तक बंद रहेगी। धनबाद-फिरोजपुर कैंट-धनबाद, गंगा सतलुज एक्सप्रेस 12 से 18 फरवरी तक, बनारस-देहरादून-बनारस जनता एक्सप्रेस 14 से 17 फरवरी तक, हावड़ा-देहरादून-हावड़ा पंजाब मेल 12 से 18 फरवरी तक, पटना-जम्मूतवी-पटना अर्चना एक्सप्रेस 15 व 16 फरवरी को और पटना-चंडीगढ़-पटना सुपरफास्ट एक्सप्रेस 16 व 17 फरवरी को रद्द रहेंगी। इसके अलावा लक्सर, रुड़की, हरिद्वार रूट की छह ट्रेनों को डायवर्जन करके चलाया जाएगा।

### प्रयागराज महाकुंभ के लिए ट्रेन में छह कोच बढ़ाए

हरिद्वार के अलग-अलग अखाड़ों और मठों से प्रयागराज महाकुंभ गंगा स्नान जाने के लिए रेलवे ने ऋषिकेश-प्रयागराज ट्रेन में छह अतिरिक्त कोच लगाने की मंजूरी दी है। प्रयागराज से योगनगरी ऋषिकेश अप एक्सप्रेस में 12 जनवरी से 27 फरवरी तक और योगनगरी ऋषिकेश से प्रयागराज डाउन एक्सप्रेस में 13 जनवरी से 28 फरवरी तक छह कोच अधिक लगाए जाएंगे। मुरादाबाद मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि इससे श्रद्धालुओं को आसानी होगी।

**प्रधानमंत्री मोदी ने आप सरकार पर बोला हमला**

# प्रधानमंत्री ने आज दिल्ली को दी करोड़ों की सौगात

**नई दिल्ली**
एजेंसी

दिल्ली में फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी की कई विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने अशोक विहार स्थित स्वाभिमान अपार्टमेंट में झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास परियोजना के तहत लाभार्थियों को फ्लैटों की चाबियां सौंपी और इससे पहले उन्होंने लाभार्थियों से बातचीत की। पीएम मोदी ने कहा कि मैं तो दिल्ली वालों को मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली आयुष्मान भारत योजना का लाभ देना चाहता हूं। आप-दा सरकार को दिल्ली वालों से बड़ी दुश्मनी है। पूरे देश में आयुष्मान योजना लागू है, लेकिन इस योजना को आप-दा वाले यहां (दिल्ली) लागू नहीं होने दे रहे। इसका नुकसान दिल्ली वालों को उठाना पड़ रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों से दिल्ली एक बड़ी आप-दा से घिरी है। अन्ना हजारे जी को सामने करके कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को आप-दा में धकेल दिया। शराब के ठेकों में घोटाला, बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, भर्तियों के नाम पर घोटाला... ये लोग दिल्ली के विकास की बात करते थे, लेकिन ये लोग आप-दा बनकर दिल्ली पर टूट पड़े हैं।



पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत बनाने में बहुत बड़ी भूमिका हमारे शहरों की है। जहां दूर-दूर से लोग सपने लेकर आते हैं और बड़ी ईमानदारी से उन सपनों को पूरा करने में जिंदगी खपा देते हैं। इसलिए केंद्र की भाजपा सरकार शहरों में रहने वाले हर परिवार को क्वालिटी ऑफ लाइफ देने में जुटी है।

पीएम मोदी ने कहा कि देश भाली-भांति जानता है कि मोदी ने कभी अपने लिए घर नहीं बनाया है। लेकिन बीते 10 वर्षों में चार करोड़ से अधिक गरीबों को घर देकर उनका सपना पूरा किया है। मैं भी कोई शीश महल बना सकता था, लेकिन मेरे लिए तो मेरे देशवासियों को पक्का घर मिले यही एक सपना था। मैं आप सबको भी कहता हूं कि आप जब भी लोगों के बीच जाएं लोगों से मिले और अभी भी जो लोग झुग्गी झोपड़ी में रहते हैं, मेरे तरफ से उनको वादा करके आना, मेरे लिए आप ही मोदी हैं, आप वादा करके आना आज नहीं तो कल उनके लिए पक्का मिलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि ये वर्ष विश्व में भारत में अंतरराष्ट्रीय छवि को और सशक्त करने का होगा। ये वर्ष भारत को दुनिया का बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने का वर्ष होगा।

# पप्पू यादव के समर्थकों ने किया चक्का जाम, ट्रेन और बसें रोकी

**पटना**
एजेंसी

पटना, पूर्णिया, मधेपुरा समेत कई जिलों में प्रदर्शन कर रहे। पटना में सचिवालय हॉल्ट के पास पप्पू यादव के समर्थक रेलवे ट्रैक पर उतर गए। यात्री ट्रेन को रोक दी। इंजन पर चढ़कर प्रदर्शन करने लगे।

पूर्णिया में भी सांसद पप्पू यादव के बिहार बंद का असर देखने को मिला। पप्पू यादव के समर्थक शुक्रवार को सड़क और रेल मार्ग पर उतरे और वाहनों और ट्रेनों को रोकने का प्रयास किया। हालांकि पूर्णिया जंक्शन पर ट्रेन रोकने जा रहे समर्थकों को रेलवे पुलिस ने स्टेशन के बाहर ही रोक दिया। प्रदर्शन को देखते हुए पहले से शहर के चप्पे चप्पे पर पुलिस प्रशासन की ओर फोर्स तैनात किया गया है। आरा में 70 वीं बीपीएससी पीटी परीक्षा रद्द करने की मांग और अभ्यर्थियों पर हुई लाठीचार्ज के खिलाफ छात्र युवा शक्ति द्वारा आज एनएच- 30 को जाम कर दिया गया। पप्पू यादव की ओर से बुलाये गये बंद के समर्थन पर प्रदर्शनकारियों न जमकर हंगामा किया। सड़क पर टायर जलाकर आगजनी की। छात्र नेताओं के द्वारा मौके पर जमकर उग्र प्रदर्शन किया जा रहा हैं। युवा शक्ति नेता ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में भारी संख्या में अभ्यर्थी सुबह से ही नवादा थाना क्षेत्र के धोबी घटवा मोड़ के पास पहुंचे और एनएच 30 पर आगजनी कर जाम कर दिया। इस दौरान सड़क जाम की वजह से आरा-सासाराम आरा-मोहनिया और आरा-पटना मुख्यमार्ग पर आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। इससे इस मार्ग से गुजरने वाली छोटी बड़ी गाड़ियों की लंबी कतारें भी लग गई और इस रास्ते से गुजरने वाले यात्री भी काफी परेशान दिख रहे हैं।




मधेपुरा में युवा शक्ति के कार्यकर्ता पुरानी बस स्टैंड चौक पर सड़क जामकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही बिहार सरकार के विरोध में नारेबाजी भी की। यह सभी सांसद पप्पू यादव के आह्वान पर एकत्र हुए हैं। इनका कहना है कि जबतक बीपीएससी 70वीं पीटी परीक्षा को कैंसिल नहीं करती तब तक इनका आंदोलन जारी रहेगा।

# नाम वापसी पूरी, सभी निकायों की अंतिम सूची जारी

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

निर्दलीय या गैर मान्य पंजीकृत दलों के प्रत्याशियों को राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से तय चुनाव चिह्न शुक्रवार को आवंटित किए जाएंगे। आयोग ने इन प्रत्याशियों के लिए 47 चुनाव चिह्न निर्धारित किए हैं।

प्रदेश में नामांकन वापसी पूरी होने के बाद बृहस्पतिवार को सभी निकायों के प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई। अब शुक्रवार को प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के चुनाव कार्यक्रम के तहत बृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे से निकायों में नामांकन वापसी की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। शाम चार बजे तक सभी निकायों में नाम वापसी का मौका दिया गया। इसके बाद शाम को ही चुनावी मैदान में अंतिम प्रत्याशियों के नामों पर मुहर लग गई। पार्टियों के टिकट से चुनाव लड़ रहे जो प्रत्याशियों को पार्टी का ही चिह्न मिलेगा। निर्दलीय या गैर मान्य पंजीकृत दलों के प्रत्याशियों को राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से तय चुनाव चिह्न शुक्रवार को आवंटित किए जाएंगे। आयोग ने इन प्रत्याशियों के लिए 47 चुनाव चिह्न निर्धारित किए हैं।

# पहाड़ से मैदान तक बढ़ी ठिठुरन, दो दिन बारिश के आसार

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

प्रदेश के छह जिलों में छह और सात जनवरी को मौसम एक बार फिर से करवट बदलेगा। इसको लेकर मौसम विभाग ने सूचना जारी की है।

उत्तराखंड में मौसम की आंख मिचौली जारी है। सुबह और शाम को हल्का कोहरा छा रहा है, वहीं पाला भी हो रहा है। जिससे ठंड में इजाफा हुआ है। वहीं, दिन में हल्की धूप राहत भी दे रही है।

हल्द्वानी तराई क्षेत्र में सुबह कोहरे के बाद गुनगुनी धूप से लोगों को राहत मिली, लेकिन निचले इलाकों में दिनभर कोहरा छाए रहा। राजधानी दून से लेकर कई मैदानी इलाकों में सुबह की शुरुआत हल्के कोहरे के साथ हुई। वहीं, पहाड़ों की रानी मसूरी, धनोल्टी



और कैम्पटी में बादल छाए हैं। ठंडी हवाएं चलने से तापमान में भी भारी गिरावट आई है। शीतलहर ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।

प्रदेश के छह जिलों में छह और सात जनवरी को मौसम एक बार फिर से करवट बदलेगा। इसको लेकर मौसम विभाग ने सूचना जारी की है। छह जनवरी को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी और चमोली में हल्की बारिश की संभावना है। जबकि सात जनवरी को उत्तरकाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग में मेघ के बरसने की उम्मीद है।

मौसम वैज्ञानिकों के देहरादून में फिलहाल मौसम शुष्क करने के साथ ही कोहरे छाए रहने की संभावना है। बृहस्पतिवार को देहरादून का अधिकतम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

# इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आठवां संस्करण शुरू

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला मुख्यालय नैनीताल के कुमाऊं विश्वविद्यालय के हर्मिटेज भवन में गुरुवार से तीन दिनी कौतिक इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के आठवें संस्करण की शुरुआत हो गयी।

इससे पूर्व फेस्टिवल का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्राजील के मॉटसेराट फिल्म्स के निदेशक और परियोजना समन्वयक मार्कोस कार्वाहलो और अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मार्कोस कार्वाहलो तथा प्रसिद्ध छायाकार और निर्माता अमिताभ सिंह, मानस चौधरी, अभिनेता चंदन बिष्ट व वरिष्ठ पत्रकार और नैनीताल समाचार के संपादक राजीव लोचन शाह और वरिष्ठ इतिहासकार व संपादक व पद्मश्री प्रो. शेखर पाठक व जहूर आलम और हेमंत बिष्ट को शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। फे स्टिवल की शुरुआत गुरुवार को मोहम्मद रजा नाजी की ईरानी फि ल्म वॉयस ऑफ डॉग्स के साथ हुई। प्रदर्शित की गई अन्य



उल्लेखनीय फिल्मों में अंशुल अग्रवाल की ए नाइट आफ्टर फ ॉल तथा नेहा नेगी की डॉक्यूमेंट्री फिल्म नील गगन के साथी और जोडी रुलियन की स्पेनिश फिल्म इदिसा अबारा की स्क्रीनिंग की गई। फेस्टिवल में शामिल होने वाले सभी महत्वाकांक्षी फिल्म निर्माताओं के लिए मास्टरक्लास आयोजित की गई थी जिसमें प्रसिद्ध साउंड डिजाइनर और एफटीआईआई के पूर्व छात्र मानस चौधरी तथा रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के क्रिएटिव प्रोड्यूसर शाश्वत श्रीवास्तव और तुलसी एंटरटेनमेंट एजेंसी की सीनियर मैनेजर नम्रता वाधवानी ने छात्रों को पटकथा लेखन और पिचिंग पर मास्टरक्लास दी।

फिल्म फेस्टिवल का पहला दिन अल्मोडा के पहाड़ी रैपर वॉयड उर्फ गौरव मनकोटी के शानदार प्रदर्शन के साथ समाप्त हुआ। इस मौके पर फेस्टिवल के संस्थापक व एफटीआईआई सिनेमैटोग्राफी स्नातक 1992 राजेश शाह और उनकी पत्नी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता डॉक्यूमेंटरी फिल्म निर्माता शालिनी शाह ने कहा कि उन्होंने 14 छात्रों के अपने पहले बैच के साथ सिनेमा को पहाड़ों के बीच में लाने की दृष्टि से महोत्सव की शुरुआत की। बताया कि देश विदेश की कुल 600 फि ल्मों में से 32 फिल्मों का चयन किया गया था जिसमें सबसे अधिक 7 फिल्में ईरान की हैं।

## NEWS / फटाफट

### दंगे के आरोपियों की डिफाल्ट बेल मामले में सुनवाई आज

**नैनीताल।** हल्द्वानी के चर्चित बनभूलपुरा दंगे के प्रमुख आरोपी अब्दुल मलिक तथा अब्दुल मोइद और चालक मोहम्मद जहीर की जमानत पर गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ में सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया, वहीं अन्य आरोपी जावेद सिद्दकी की डिफाल्ट बेल (जमानत) पर शुक्रवार (आज) नयी बेंच सुनवाई करेगी। बता दें कि मुख्य न्यायाधीश जी. नरेन्दर और न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की युगलपीठ में गुरुवार को तीनों की जमानत पर सुनवाई हुई। सरकार की ओर से कहा गया कि तीनों के खिलाफ शेषन कोर्ट में चार्जशीट दाखिल हो गयी है इसलिये आरोपियों को जमानत के लिये पुन: शेषन कोर्ट में जाना चाहिए। आरोपियों की ओर से कहा गया कि शेषन कोर्ट के बजाए खंडपीठ इस प्रकरण में सुनवाई करे। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने निर्णय सुरक्षित रख लिया। दंगा के एक अन्य आरोपी जावेद सिद्दीकी की डिफाल्ट बेल पर भी खंडपीठ ने सुनवाई की। आरोपी की ओर से कहा गया कि इन्हीं आरोपों में उच्च न्यायालय अन्य आरोपियों को पहले जमानत दे चुका है। इसके बाद अदालत ने इस प्रकरण को उसी बेंच के समक्ष सुनवाई के लिये पेश करने के निर्देश दे दिये। इस मामले में अब शुक्रवार (आज) को सुनवाई होगी।

### घर की छत से गिरकर युवक चोटिल, अस्पताल में भर्ती

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल स्थित प्रेम भवन मल्लीताल निवासी मोहित लाल शाह (50) घर की छत से गिरकर चोटिल हो गए। राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक मोहित लाल शाह अपने घर की छत पर कुछ काम कर रहे थे कि अचानक छत से नीचे गिरकर चोटिल हो गए, जिन्हें परिजनों की ओर से तुरंत जिला अस्पताल लाया गया। मोहित लाल को हेड इंजरी के साथ ही अन्य चोटें आई हैं जिला अस्पताल में इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सक डा. नेहा ने बताया कि मोहित लाल साह को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफ र कर दिया गया है।

### सड़क पर गड्ढे होने से राहगीरों की फजीहत

**नैनीताल** । नगर की बिड़ला स्कूल को जाने वाली रोड का बड़ा ही बुरा हाल हो चुका है। वर्ष भर व्यस्त रहने वाले इस महत्तवपूर्ण मार्ग में जगह-जगह पर डामर उखडने के साथ ही गड्ढे होने की वजह से राहगीरों के साथ ही वाहन चालकों को भारी फजीहत उठानी पड़ रही है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मामले में जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। बता दें कि इस मार्ग में वर्षभर स्कूली वाहनों के साथ ही अन्य वाहनों का आवागमन रहता है। नगर के इस मार्ग में भी सबसे अधिक जाम लगता है, मार्ग में जगह-जगह पर डामर उखडने की वजह से अब मार्ग में ईंटें बिल्कुल ऊपर नजर आने लगी है अगर रोड का यही हाल रहा तो जिस स्थल पर डामर उखड़ रहा है उसमें लगी ईंटें भी धीरे-धीरे निकलना शुरु हो जाएंगे इससे फिर और परेशानी होने की प्रबल संभावना है। पूर्व में इस मार्ग में डामर किया गया था लेकिन उसके बाद भी मार्ग की हालत बेहद खराब हो चली है।

### 82 प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न का आवंटन होगा




**नैनीताल** । नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत गुरुवार को नाम वापसी का दिन था लेकिन किसी भी प्रत्याशी की ओर से अपना नाम वापस नहीं लिया गया। दूसरी ओर अब शुक्रवार (आज) चुनावी समर में अपनी किस्मत अजमाने जा रहे सभी 82 प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न का आवंटन होगा। निर्वाचन की रिटर्निंग ऑफिसर/संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल के मुताबिक गुरुवार की शाम को चार बजे तक नाम वापस लेने का समय तय किया गया था लेकिन किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। बताया कि पालिकाध्यक्ष पद के लिए 6 तथा 15 वार्डों में सदस्य पद के लिए 76 नामांकन पत्र वैध पाए गए थे। कहा कि तय समय सीमा के मुताबिक किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। कहा कि अब शुक्रवार (आज) सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।



# रोडवेज की बसों में सीट के लिए हुई मारामारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

थर्टी फर्स्ट व नव वर्ष का जश्न मनाने के लिए काफी संख्या में पहुंचे पर्यटकों की वजह से जहां एक ओर शहर में रौनक बनी हुई है।

वहीं दूसरी ओर परिवहन विभाग की बसों की कमी होने की वजह से पर्यटकों तथा स्थानीय लोगों को रोडवेज की बसों में सीट पाने के लिए काफी जदोजहत करनी पड़ रही है। गुरुवार को भी दोपहर के बाद तल्लीताल बस स्टेशन में हल्द्वानी जाने के लिए रोडवेज की बसों में सीट पाने के लिए खूब मारा मारी हुई दूसरी ओर इसका फायदा टैक्सी चालकों ने उठाया। लोगों का कहना था कि थर्टी फर्स्ट व न्यू ईयर में रोडवेज प्रबंधन को अतिरिक्त बसों की व्यवस्था करनी चाहिए थी।

# उत्तराखंड विवि कर्मचारी महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की हुई बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में राज्य के समस्त विश्वविद्यालयों में कर्मचारियों के लंबी अवधि से रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की मांग की गई वहीं सभी विश्वविद्यालयों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों की पदोन्नति सहित सभी विश्वविद्यालयों में स्टफि ंग पैटर्न लागू करने तथा सभी विश्वविद्यालयों में गोल्डन कार्ड व्यवस्था और संविदा व उपनल कर्मियों के नियमितीकरण की मांग की गई वहीं सभी राजकीय विश्वविद्यालय में कार्मिकों हेतु समान सेवा नियमावली प्रख्यापित करने की भी मांग की गई। बैठक के प्रारंभ में महासंघ द्वारा उत्कृट कार्य हेतु गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ को सम्मानित किया गया, जिस हेतु संघ के अध्यक्ष रजनीश भारद्वाज तथा सचिव मलिक को सम्मानित किया गया। बैठक में उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के संरक्षक कुलदीप सिंह,कार्यकारी अध्यक्ष तकनीकी विश्वविद्यालय के दीपक कुमार सुंदरियाल तथा मुक्त विश्वविद्यालय के भारत नैनवाल समेत डा. लक्ष्मण सिंह रौतेला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंदी शर्मा, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार, देवेंद्र धामी, विपिन कुमार, प्रांतीय प्रवक्ता चंद्रमोहन पैन्यूली, संगठन मंत्री आशुतोष गैरोला, कार्यकारिणी सदस्यों के साथ अल्मोड़ा विश्वविद्यालय से कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जीवन मठपाल, कुमाऊं विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट, मुक्त विश्वविद्यालय से विमल चौहान, दून विश्वविद्यालय से सुदर्शन जुयाल, भरसार विश्वविद्यालय के धन सिंह नेगी तथा सुरेंद्र सिंह, उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चंदन रावत, विनोद कुमार, उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष खीमानंद भट्ट तथा सचिव अजय कुमार व छत्रपाल सिंह तथा नर्सेज संघ की अध्यक्ष स्मिता कोठियाल सहित सभी सदस्य शामिल हुए। संचालन महासंघ के महामंत्री प्रशांत मेहता ने किया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# वन विभाग ने फॉयर सीजन को लेकर की तैयारियां तेज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

वन विभाग ने आगामी फॉयर सीजन को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। विभाग ने फ ॉयर लाइन के छपान का काम शुरू कर दिया है ताकि आग लगने की स्थिति में उसे फैलने से रोका जा सके। इस कार्य के तहत वर्क प्लान के मुताबिक पेड़ों का छपान किया जा रहा है।

बता दें कि प्लान के अनुसार फायर लाइन के आसपास 45 फ ीट के दायरे में जो भी पेड़ आ रहे हैं उन्हें वन निगम की ओर से काटा जाएगा। यह कदम आग के फैलाव को नियंत्रित करने और जंगलों की सुरक्षा के लिए उठाया गया है। वर्तमान में नैनीताल वन प्रभाग के तहत मनोरा वन रेंज के अंतर्गत यह फ ायर लाइन छपान का कार्य तेजी से चल रहा है। वन विभाग की टीमें इस इलाके में पेड़ों का छपान कर रही हैं ताकि आग लगने की स्थिति में उसे जंगलों तक फैलने से रोका जा सके। विभाग ने विशेष ध्यान दिया है कि जंगल की हरियाली और जैव विविधता पर कम से कम असर पड़े जबकि आग की रोकथाम सुनिश्चित हो सके। काबिलेगौर है कि फ ायर लाइन के छपान में शामिल पेड़ों को चिह्नित करने के लिए वन विभाग ने उन पर लाल निशान लगाना शुरू कर दिया है। यह निशान उन पेड़ों की पहचान के रूप में कार्य करेंगे तथा जिन्हें फ ायर लाइन में आने पर काटा जाएगा। विभाग के अनुसार इस प्रक्रिया से काम में आसानी होगी और सही पेड़ों का चयन किया जा सकेगा। मामले में मनोरा वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल कुमार शर्मा ने बताया कि फ ॉयर लाइन वर्क प्लान के अनुसार फ ॉयर सीजन से पहले पेड़ों का छपान शुरू कर दिया गया है। पेड़ों के चिन्हितकरण के बाद वन निगम की ओर से पेड़ों का कटान किया जाएगा ताकि आग से होने वाली किसी भी अनहोनी को टाला जा सके।

# पर्यटकों ने दिनभर गुनगुनी धूप का लिया आनंद

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी नैनीताल में वर्ष के दूसरे दिन यानी गुरुवार को नैनीताल नव वर्ष मनाने के लिए पहुंचे पर्यटकों ने सुहावने मौसम के बीच दिनभर खूब मौज मस्ती की।

दूसरी ओर अब चार जनवरी को फिर वीकेंड आने की वजह से पर्यटकों की आमद और बढने की पूरी संभावना है। बता दें नगर में क्रिसमस पर्व से भी देश के विभिन्न शहरों से पर्यटकों के आने का क्रम अनवरत शुरु हो गया था जो वर्तमान में भी चल रहा है। पर्यटकों के साथ ही पर्यटक वाहनों के जमावड़े की वजह से नगर में इन दिनों माल रोड समेत मुख्य मार्गो में जाम लगने की वजह से काफी परेशानी हो रही है। दूसरी ओर नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने गुरुवार को नैनी झील में नौका विहार करने के साथ ही नगर के सभी प्रमुख दर्शनीय स्थलों के दीदार किए जिसकी वजह से सुबह से लेकर शाम तक खूब रौनक देखने को मिली।



**मौसम**

- देर शाम बादल छाने से ठंड में हुआ इजाफा

गुरुवार को भी नगर में दिनभर गुनगुनी धूप का भूरा आनंद लिया वहीं शाम के वक्त बादल छाने से ठंड में इजाफा हो गया। दूसरी ओर राज्य मौसम विभाग के विज्ञानी डा. रोहित थपलियाल के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ पुन: सक्रिय होने जा रहा है जिसका असर पांच जनवरी से दिखना शुरू हो जाएगा नैनीताल में 6 जनवरी को हल्की बारिश होगी। तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात की संभावना रहेगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 20 व न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस रहा वहीं आद्रता अधिकतम 80 व न्यूनतम 55 प्रतिशत रही।

# अभिमत

## मन बदला

*लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार जरूर बन गई, लेकिन सीटें घट गईं। भाजपा के विरोधी दलों के नेताओं के हौसले बुलंद हो गये और कहने लगे कि जनता का मोदी से मोह भंग हो गया है। विपक्ष की यह खुशी ज्यादा देर कायम नहीं रही। हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा को भरपूर समर्थन मिला। एक एजेंसी ने सर्वे किया। लोगों का कहना है कि लोकसभा चुनाव के नतीजों से केन्द्र सरकार कमजोर दिखी, तो उनका मन बदल गया और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर वोट दिया।*

भारत की राजनीति में चेहरे का करिश्मा कई बार काम आ जाता है, लेकिन राष्ट्र और जनहित सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपलब्धियों से जनता प्रभावित है। वर्ष 2014 से भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों, योजनाओं व नीतियों से चुनाव जीतती आ रही हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में वर्ष 2014 से अधिक सीटें जीतकर प्रधानमंत्री मोदी ने दूसरी बार सत्ता में वापसी की थी। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार जरूर बन गई, लेकिन सीटें घट गईं। भाजपा के विरोधी दलों के नेताओं के हौसले बुलंद हो गये और कहने लगे कि जनता का मोदी से मोह भंग हो गया है। विपक्ष की यह खुशी ज्यादा देर कायम नहीं रही। हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा को भरपूर समर्थन मिला। एक एजेंसी ने सर्वे किया। लोगों का कहना है कि लोकसभा चुनाव के नतीजों से केन्द्र सरकार कमजोर दिखी, तो उनका मन बदल गया और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर वोट दिया। लोकसभा चुनाव में सांसद के सही काम नहीं करने के आधार पर वोट दिया था और भाजपा को कम सीटें मिली थीं। एजेंसी द्वारा किये गये सर्वे के नतीजे सटीक हैं। भाजपा और उसके सहयोगी दलों के ज्यादातर सांसद तथा विधायक सार्वजनिक तौर पर कहते हैं कि काम करें या न करें, चुनाव तो मोदी के नाम पर जीत जायेंगे, सिर्फ टिकट के लिए जुगाड़ करनी है। उधर प्रधानमंत्री मोदी बार-बार सांसदों और विधायकों से कहते हैं कि संसद व विधानसभा का सत्र नहीं होने पर अपने निर्वाचन क्षेत्र में जायें, सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं से अवगत करायें तथा मौके पर ही जनसमस्याओं का निपटारा करें। योजनाओं के तहत हो रहे निर्माण व विकास कार्यों का निरीक्षण कर खामियां दूर करायें। जनप्रतिनिधियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगती है, इसी लिए पिछले साल लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटें कम हो गईं। अभी लोकसभा चुनाव में चार साल से ज्यादा समय है। इस साल की शुरुआत दिल्ली विधानसभा चुनाव की सरगर्मी से हो रही है। दिल्ली की लोकसभा सीटें भाजपा के पास हैं, जबकि विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार दो बार से भाजपा को पराजित कर सत्ता पर कायम है। दिल्ली का विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए बड़ी चुनौती है। प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर चुनाव जीतने का भ्रम दूर करना होगा। दिल्ली से चुने गये भाजपा के सांसदों को पूरी तरह से चुनाव मैदान में उतर कर अपने संसदीय क्षेत्र से विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों को जिताने की जिम्मेदारी निभानी होगी। दिल्ली के मतदाताओं का मन बदलना होगा।

# पालिका ने आवारा मवेशियों की धरपकड़ को चलाया अभियान

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

शहर की सड़कों पर घूमते आवारा मवेशियों की धरपकड़ के लिए नगरपालिका टीम द्वारा शुक्रवार को विशेष अभियान चलाया गया। शहर के चौक-चौराहों में बैठे करीब चार मवेशियों पकड़कर शहर से दूर बाजपुर गौशाला में छोड़ा जाएगा।

इस दौरान नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विनोद सिंह जीना ने बताया की नगर में लगातार आवारा पशुओं के जमवाड़े से आने-जाने वाले पर्यटकों वह स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था आवारा पशुओं का होने से ट्रेफिक व्यवस्था में भी व्यवधान हो रहा था। जिसको लेकर पालिका की टीम द्वारा पालिका भीमताल से वाहन उपलब्ध कराया जिससे आज लगभग चार आवारा पशुओं का रिस्क्यु कर बाजपुर गौशाला भेजा जाएगा। इस



दौरान अतिक्रमण टीम प्रभारी कमल सिंह कटियार,चिता कांस्टेबल अमित गहलोत,दिनेश रत्नाकर, विक्की सिलेलान,दिवाकर चौधरी, विकास टाक,महेश गैड़ा,सनी, रवि बहुगुणा,मोहित बिनवाल, सुलेमान, बिलाल अली,राजकुमार समेत अन्य लोग रहें।

### सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सिन्हा जनपद भ्रमण पर

**हल्द्वानी।** सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा डा0 रंजीत सिन्हा जनपद भ्रमण पर आ रहे हैं। जानकारी देते हुये निजी वरिष्ठ सचिव पंकज कुमार सैनी ने बताया कि सचिव डा0 सिन्हा शुक्रवार को सायं 4:30 बजे राजकीय महाविद्यालय हल्दूचौड में भ्रमण एवं समीक्षा करेंगे। डा0 सिन्हा 4 जनवरी शनिवार को 10:30 बजे उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करेंगे इसके उपरान्त 1:15 बजे से एमबीपीजी कालेज एवं राजकीय महिला महाविद्यालय का भ्रमण एवं समीक्षा करेंगे तथा सायं 4:30 बजे से निदेशालय उच्चशिक्षा का भ्रमण एवं समीक्षा करेंगे। डा0 सिन्हा 5 जनवरी रविवार को प्रातः 10:15 बजे कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल एवं राजकीय पालीटैक्निक में भ्रमण एवं समीक्षा करेंगे।

### सिद्धपीठ सुरकंडा देवी मंदिर पहुंचे धामी, पूजा अर्चना की

**टिहरी।** सीएम धामी कद्दू खाल से रोपवे से सिद्धपीठ सुरकंडा मंदिर पहुंचे थे। पूजा-अर्चना कर उन्होंने देवी की पूजा अर्चना कर विश्व मंगल की कामना की।

ताजा व अपडेट खबरों के लिए देखते रहें।
www.uttaranchaldeep.com

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक किता आरजी जो कि श्री नाजिम उद्दीन पुत्र तारीफ उद्दीन, नईम अहमद पुत्र अली अहमद के नाम पर बजरिये बयनाम दिनांक- 18.08.2012 को बही संख्या 1 के जिल्द नं0 1580, पृष्ठ संख्या 25 से 38 क्र0 संख्या 5364 पर पंजीकृत है जो उपनिबंधक कार्यालय हल्द्वानी में दर्ज है जो कि यह बैनामा कहीं खो गया है। इसका उपयोग अवैध माना जाएगा। इसके बारे में यदि किसी बैंक/संस्था आदि को आपत्ति हो या किसी को मिले तो 7 दिन के अन्दर नीचे दिए गये पते पर संपर्क करें। - एडवोकेट- मनोज सिंह बिष्ट, मो0नं0 9412128233, हॉल नं0 6, टॉप फ्लोर, दुर्गा सिटी सेंटर, नैनीताल रोड, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)- 263139

# कोर्ट ने कूड़ा बीनने वालों व उनके बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ न दिए जाने के मामले पर मांगी रिपोर्ट

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य में कूड़ा बीनने वाले लोगों व उनके बच्चों को सरकार के द्वारा जारी सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं दिए जाने के मामले पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी. नरेंद्र व वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की खंडपीठ ने मामले में नियुक्त न्यायमित्र नवनीश से कहा है कि वे स्वयं जाकर इन लोगो की समस्याओं को देखें तथा इनके व इनके बच्चों की क्या समस्याएं हैं उनको राज्य व केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है या नहीं मामले में 9 जनवरी (गुरुवार) तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।


बता दें कि पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा था कि इनके व इनके बच्चों के कल्याण के लिए एक प्लान बनाकर 2 जनवरी तक कोर्ट में एक




प्रपोजल पेश करें जिसके मद्देनजर गुरुवार को निदेशक शहरी विकास ने प्रपोजल पेश कर कहा है कि कोर्ट के आदेश पर इनको चिन्हित किया जा रहा है, अभी तक प्रदेश में 1200 लोगो को चिन्हित किया जा चुका है जिनमें से अधिकांश लोगो को वोटर आईडी तथा राशन कार्ड व आधार कार्ड निर्गत कर दिए गए हैं, इनमें से कई लोग सरकारी योजनाओं का लाभ भी ले रहे हैं। राज्य सरकार ने कोर्ट के आदेश का अनुपालन करते हुए इनके लिए कुछ स्थायी व अस्थायी सेल्टर होम का निर्माण किया है। ठंड से बचने के लिए इन्हें अलाव तथा कंबल की व्यवस्था भी की गई है। राज्य सरकार इनके बच्चों की पढ़ाई लिखाई का ध्यान भी दे रही है। मामले के अनुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने अपनी एक सर्वे रिपोर्ट में पाया था कि उच्च न्यायलय व अन्य जिला विधिक प्राधिकरणों की रिपोर्ट के अनुसार कूड़ा बीनने वालो को जरूरी सामान व उनके बच्चों को राज्य व केंद्र सरकार के द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का सहारा नहीं मिल रहा है जिसकी वजह से उनके बच्चे वही का वही काम करते आ रहे हैं जिसकी से उनका मानसिक व बौद्धिक विकास नहीं हो पा रहा है इसलिए उन्हें भी केंद्र व सरकार की तरफ से जारी सभी योजनाओं का लाभ दिया जाए जैसे आम नागरिकों को मिल रहा है ताकि उनके बच्चों को वही कार्य नही करना पडे, उनके बच्चो का भी विकास होना भी अति आवशयक है क्योंकि वे हमारे समाज का अहम हिस्से से जुड़े हुए हैं क्योंकि वे एक सच्चे पर्यावरण मित्र भी हैं। कम से कम सरकार द्वारा जारी योजनाओं का लाभ उन्हें मिल सके।

## फिल्मी दुनिया

# दबंग 2 में छेदी के भाई का रोल सोनू सूद को नहीं आया पसंद



*हाल ही में एक इंटरव्यू में, अभिनेता ने खुलासा किया कि उन्हें दबंग 2 यह भूमिका दिलचस्प नहीं लगी, जिसके कारण उन्होंने इसे अस्वीकार करने का फैसला किया था। अभिनेता सोनू सूद अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर जाने जाते हैं। सोनू सूद को %गरीबों का मसीहा% कहा जाता है। वह जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। सोनू इंडस्ट्री में अपने अलग किरदारों के लिए भी जाने जाते हैं, उन्होंने साल 2010 में दबंग में विलेन की भूमिका भी निभाई थी। हालांकि, फिल्म के दूसरे पार्ट में वह नजर नहीं आए थे। अब अभिनेता ने इसके पीछे की वजह का खुलासा किया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में, अभिनेता ने खुलासा किया कि उन्हें दबंग 2 यह भूमिका दिलचस्प नहीं लगी, जिसके कारण उन्होंने इसे अस्वीकार करने का फैसला किया था। ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे से बात करते हुए, सोनू ने बताया कि सलमान खान और अरबाज खान ने छेदी सिंह के भाई की भूमिका निभाने के लिए उनसे फिर से संपर्क किया था।*

## सलमान और अरबाज को किया मना

*अभिनेता ने यह भी बताया कि जब किसी फिल्म में कोई रोल ठीक न लगे तो उसे तुरंत ही मना कर देना बहुत जरूरी है। अभिनेता ने अरबाज और सलमान से कहा, मैं इस भूमिका को लेकर उत्साहित नहीं हूं, तो मैं इसे कैसे कर सकता हूं? मुझे खुद अपना ही रोल समझ नहीं आ रहा था और यह फिल्म के पहले पार्ट से भी कम प्रभावशाली लगा था, वे समझ रहे थे और उन्होंने जवाब दिया, कोई बात नहीं, कोई समस्या नहीं है। सोनू ने यह भी बताया कि सलमान से उनकी इतनी गहरी दोस्ती है कि जब दबंग 2 रिलीज हुई थी तो भाईजान ने अभिनेता को फिल्म के प्रीमियर पर इन्वाइट भी किया था। बता दें कि दबंग और दबंग 2 सिनेमाघरों में हिट रही थी। हालांकि, दबंग 3 को दर्शकों का उतना प्यार नहीं मिल पाया था।*

# जीवन में अनुशासन पर भी विशेष ध्यान देने की जरुरत : जंगपांगी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं मंडल के मुख्य आयकर आयुक्त नरेंद्र जंगपांगी ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बच्चों को पढ़ाई के साथ ही रचनात्मक कार्यक्रमों में भी अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए। कहा रचनात्मक कार्यक्रमों में बच्चों के मनोबल में बढोत्तरी होती है। कहा कि पढाई के साथ ही दैनिक जीवन में अनुशासन पर भी विशेष ध्यान देने की सख्त जरुरत है।

जंगपांगी ने यह विचार नैंसी कॉन्वेंट स्कूल और नैन्सी कॉलेज ऑफ नर्सिग ज्योलिकोट नैनीताल की ओर से नव वर्ष 2025 के अवसर पर आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। उन्होंने संस्थान के बच्चों की ओर से प्रस्तुत सभी कार्यक्रमों की भूरि-भूरि सराहना की। इससे पूर्व संस्थान में प्रातः काल आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड आईएएस विमल कुमार शर्मा और विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड एडिशनल कमिश्नर ट्रांसपोर्ट डॉ. ममता शर्मा रही। कार्यक्रम में संस्थान के बच्चों ने एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया जिसमें समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वासों को उजागर किया गया। इस प्रस्तुति ने शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से समाज में बदलाव का संदेश दिया। बच्चों ने कुमाऊंनी, गढ़वाली, नेपाली और अन्य भारतीय लोकनृत्यों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की विविधता और सौंदर्य को प्रदर्शित किया। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और सांस्कृतिक एकता को प्रोत्साहन दिया। इस मौके पर इंजीनियर आई.पी. सिंह संस्थान के प्रबंध निदेशक ने बच्चों और शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की और कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी जबकि डा. संजय कुमार सिंह निदेशक ने भविष्य की योजनाओं और नई सुविधाओं के बारे में जानकारी दी, जो छात्रों के लिए बेहतर अवसर प्रदान करेंगी। प्रिंसिपल मिस हिना और मिस अल्फोंसा ने बच्चों को अनुशासन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

## News कॉर्नर

### सार्वजनिक स्थापन मदिरा सेवन करना पड़ा महंगा

**नैनीताल** । जिला मुख्यालय नैनीताल में बुधवार की रात कोतवाली के एसआई दीपक कार्की तथा कांस्टेबल वीरेंद्र गोले अन्य पुलिस टीम के साथ मल्लीताल क्षेत्र में रेस्टोरेंट व होटलों का निरीक्षण कर रहे थे। इस बीच गाड़ी पड़ाव क्षेत्र स्थित एक रेस्टोरेंट के भीतर कुछ लोग शराब पी रहे थे। पुलिस को देख उन लोगों में हडकंप मच गया। इस बीच कुछ लोग भी गए तो कुछ को पुलिस ने दबोच लिया।

पूछताछ में पर्यटकों ने बताया कि दुकान में अन्य लोगों के साथ दुकानदार से शराब लेकर वह पी रहे थे। पुलिस को दुकान में बियर की बोतल व अंग्रेजी शराब के दो क्वाटर बरामद हुए। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि सार्वजनिक स्थल में शराब पिलाने पर रेस्टारेंट संचालक अंडा मार्केट निवासी सरफ राज के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### कमरा दिलाने को लेकर फर्जी गाइड आपस में भिड़े

**नैनीताल**। नगर के तल्लीताल क्षेत्र में पर्यटकों को होटल में कमरा दिलाने पर दो फर्जी गाइड आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों के बीच हथापाई हुई तो पर्यटक भाग गए।

जानकारी के मुताबिक गुरुवार को तल्लीताल जू रोड में दो युवक गाइड बनकर कमरा दिलाने के लिए पर्यटकों से बात कर रहे थे। बात करने के दौरान दोनों युवक आपस में भिड गए। इस दौरान गाली गलौच करते हुए दोनों युवक पर्यटकों के सामने ही हाथापाई में उतर आए। उनकी हाथापाई देख पर्यटक भी मौके से भाग गए हांलाकि लोगों ने पुलिस में शिकायत करने की चेतावनी दी तो दोनों युवक भी मौके से फ रार हो गए। मामले में तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि मामले में उनको कोई शिकायत नहीं मिली है।

# एकजुट होकर कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



हल्द्वानी में कांग्रेस पार्टी के मेयर प्रत्याशी ललित जोशी के समर्थन में कार्यकर्ताओं की बैठक का सिलसिला जारी है। हाल ही में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता दीपक बलुटिया के कैम्प कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी चुनावी रणनीतियों और संगठन की मजबूती पर गहन चर्चा की गई |बैठक में दमुवाढूंगा क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों से कार्यकर्ता शामिल हुए और सभी ने एकजुट होकर कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने ललित जोशी को मेयर पद के लिए एक सशक्त चेहरा बताते हुए उनके पक्ष में कड़ी मेहनत करने की अपील की। कार्यकर्ताओं का मानना है कि ललित जोशी का नेतृत्व कांग्रेस के लिए संजीवनी साबित होगा, और यदि वह विजयी होते हैं, तो हल्द्वानी के साथ-साथ दमुवाढूंगा क्षेत्र की समस्याओं का समाधान होगा।

बैठक में स्थानीय निवासियों ने भी अपनी समस्याएं उठाईं। मोहन राम, तेज राम, जगदीश चन्द्र भारती, कैलाश चन्द्र, कृष्ण राम कोहली, जीवन तिवारी, शंकर लाल और किशन राम टम्टा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने जलनिकासी, सड़कों की स्थिति, सफाई व्यवस्था और बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को उजागर किया। उन्होंने विश्वास जताया कि ललित जोशी के मेयर बनने पर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा। बैठक में अन्य वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार साझा किए। मोहन लाल, शिवम तिवारी, केसी भाई, महेशानंद और कई समर्पित कार्यकर्ताओं ने पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए मेहनत और एकता पर जोर दिया। सभी ने सहमति जताई कि ललित जोशी के नेतृत्व में कांग्रेस को मजबूत किया जाएगा और आगामी चुनाव में शानदार जीत हासिल करने की पूरी कोशिश की जाएगी।

# भाजपा मेयर के प्रत्याशी गजराज ने चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नगर निगम चुनाव के मेयर पद के प्रत्याशी गजराज बिष्ट ने अपने चुनावी कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाजपा के कई बड़े नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, सांसद अजय भट्ट, और विधायक बंशीधर भगत, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत शामिल थे।

गजराज बिष्ट ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह कार्यालय उनका नहीं, बल्कि पूरे भाजपा कार्यकर्ताओं का कार्यालय है। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी हल्द्वानी नगर निगम चुनाव में तीसरी बार जीत हासिल करेगी।

सांसद अजय भट्ट और विधायक बंशीधर भगत ने भी भाजपा की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि



पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए जानी जाती है। उन्होंने भरोसा जताया कि इस बार भी भाजपा पूरी मजबूती और एकता के साथ चुनाव लड़ेगी और हल्द्वानी में एक बार फिर कमल खिलेगा।

इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने भाजपा के संगठनात्मक बल का प्रदर्शन किया।

# कोहरे के चलते तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराया, मची अफरातफरी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

कोहरे के चलते रामपुर रोड में अनियंत्रित होकर बीती देर रात भीषण सड़क हादसा हुआ है हालांकि सड़क हादसे में किसी की हताहत होने की खबर नहीं है। ट्रांसपोर्ट नगर चौकी क्षेत्र के कथा फैक्ट्री के पास का है जहां पर एक तेज रफ्तार ट्रक बीती रात अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया इस घटना से क्षेत्रमें अफरा तफरी मच गई मामले की सूचना पुलिस क दी इस घटना से के कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया हालांकि जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है बताया जा रहा है ट्रक सब्जियों से भरा हुआ था जो हल्द्वानी नवीन मंडी में जा रहा था अचानक ट्रक ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और वह डिवाइडर टकराते हुए ट्रक डिवाइडर के ऊपर चढ़ गई ट्रक में रखी सब्जी सड़कों पर आ गिर गई स्थानीय लोगों ने तत्काल सूचना ट्रांसपोर्ट नगर चौकी पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने स्थिति को अपने में नियंत्रण में लिया। पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर यातायात सुचारु किया और राहत की सांस ली।



# सोशल मीडिया पर आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

निकाय चुनाव में नैनीताल पालिकाध्यक्ष प्रत्याशियों के बीच सोशल मीडिया में प्री पोलिंग सर्वे कराया जा रहा है जो कि आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। पुलिस ने सोशल मीडिया में प्रसारित की जा रही ऐसी सूचनाओं को तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं, साथ ही चेतावनी दी है कि यदि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशी तैयारियों में लगे हुए हैं। शहर में पालिकाध्यक्ष और सभासद प्रत्याशी व उनके समर्थक अपने-अपने माध्यमों से प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं, ऐसे में चुनाव आयोग और पुलिस हर गतिविधि पर नजर रख रही है। बुधवार को फेसबुक पर नैनीताल पालिकाध्यक्ष प्रत्याशियों की लोकप्रियता को लेकर एक प्री पोलिंग सर्वे पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है। निगरानी कर रही पुलिस तक जब पोस्ट पहुंची तो इसमें आचार संहिता का उल्लंघन होता पाया गया।

मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रमोद साह ने बताया कि मतदान से पूर्व प्रत्याशियों की लोकप्रियता को लेकर इस तरह का सर्वे करवाना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। उन्होंने सोशल मीडिया माध्यमों में इस तरह की सूचना प्रसारित नहीं करने की अपील की है साथ ही बताया कि यदि इस तरह की सूचनाओं को प्रसारित कर आचार संहिता का उल्लंघन किया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

### नियमितीकरण को 181वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**। संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर चलाया जा रहा नियमितीकरण कट ऑफ डेट 2024 नियमावली शीघ्र जारी करने को लेकर राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन गुरुवार को 181वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने गुरना देवी मंदिर परिसर व पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। पूर्व में लगाए गए पौधों का संरक्षण किया। इधर दिनेश गुरुरानी ने बताया कि कल 3 जनवरी (आज) से जनपदों में जनपदीय कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसमें 3 जनवरी (आज) को जनपद पिथौरागढ़ के चुनाव कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा संचालित लंदन फ ोर्ट परिसर में दोपहर 12 बजे करायें जायेंगे। जनपद पिथौरागढ़ के अध्यक्ष त्रिभुवन पुनेठा तथा महामंत्री वेद प्रकाश भट्ट ने कहा कि सभी कर्मचारी लंदन फ ोर्ट परिसर पहुंचे ताकि चुनाव संपन्न कराए जा सके।

# महिला को नारी निकेतन भेजने की व्यवस्था करें: हाईकोर्ट

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने महिला को अपने ही परिवार के सदस्यों से जान का खतरा होने तथा सुरक्षा दिलाए जाने व उसे नारी निकेतन भेजने की अनुमति दिए जाने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की।

मामले को निस्तारित करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व वरिष्ठ न्यायमूर्ती मनोज कुमार तिवारी की खंडपीठ ने उपजिलाधिकारी देहरादून को आदेश दिए हैं कि महिला को नारी निकेतन भेजने की व्यवस्था करें।

मामले के अनुसार ऋषिकेश निवासी 20 वर्षीय सुनैना ने उच्च न्यायलय में याचिका दायर कर कहा है कि उसने घरवालों के मर्जी के विरुद्ध जाकर भागकर शादी की। घरवालों की शिकायत पर पुलिस ने उन्हें तमिलनाडु से बरामद किया, जिस लडके के साथ उसने विवाह किया यह नाबालिक होने के कारण निचली कोर्ट ने उसे बाल सुधार गृह भेज दिया। उसको बाल सुधार गृह भेजे जाने के कारण वह अपने घर गयी । घर पर उसके भाई और पिता ने उसके साथ मारपीट की।

अब उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। याचिका में यह भी कहा है कि जब तक उसका पति बालिग नहीं हो जाता तब तक उसे नारी निकेतन में रहने की अनुमति दी जाए क्योंकि वह घर नहीं जाना चाहती है। घर जाने पर उसके साथ फि र से मारपीट हो सकती है।

## सूचना

मैं कि आर्मी नंबर IC-47155 a रैंक कर्नल उमेश चन्द्र भट्ट पुत्र स्व0 श्री एनबी भट्ट निवासी घुनी नं. 1 कठघरिया जिला नैनीताल, मेरी पत्नी का मेरे आर्मी सेवा अभिलेखों में नाम भूलवश मिनाक्षी भट्ट (MINAKSHI BHATT) अंकित है और अन्य अभिलेखों में नाम मुन्नी भट्ट (MUNNI BHATT) अंकित है। मेरी पत्नी को दोनों नाम से जाना पहचाना जाता है।


# मेयर चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन बड़ा उलटफेर

**उत्तरांचल दीप**

सलीम ख़ान,हल्द्वानी

हल्द्वानी नगर निगम के मेयर चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जब समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवार शुएब अहमद और निर्दलीय प्रत्याशी रुपेन्द्र नागर ने अचानक अपना नाम वापस लेने का ऐलान किया। इस घटनाक्रम ने चुनावी समीकरणों में बड़ा बदलाव कर दिया है।

सपा के मेयर उम्मीदवार शुएब अहमद, जो मुस्लिम चेहरे के रूप में उभरे थे, ने आखिरी वक्त पर अपना नाम वापस लेकर सभी को चौंका दिया। उनके इस फैसले का खासा असर कांग्रेस पार्टी पर पड़ सकता है।





शुएब अहमद की उम्मीदवारी से मुस्लिम समुदाय का वोट सपा की ओर झुक सकता था, लेकिन अब जब वे चुनावी मैदान से बाहर हो गए हैं, कांग्रेस को मुस्लिम मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने का एक बड़ा अवसर मिल गया है। खासकर बनभूलपुरा जैसे मुस्लिम बहुल क्षेत्र में अब कोई मुस्लिम उम्मीदवार नहीं होने के कारण कांग्रेस को इस समुदाय का समर्थन हासिल करने में सहूलियत हो सकती है। कांग्रेस के लिए यह स्थिति फायदेमंद हो सकती है, क्योंकि मुस्लिम समुदाय का वोट आमतौर पर कांग्रेस के पक्ष में ही जाता है। वहीं, शिवसेना के नेता रुपेन्द्र नागर ने भी अपने नामांकन से अंतिम दिन नाम वापस ले लिया। हालांकि उनकी उम्मीदवारी से भाजपा को कोई बड़ा खतरा नहीं था, लेकिन उनके नाम वापस लेने से भाजपा को चुनावी लाभ मिल सकता है।

गौरतलब है कि शुएब अहमद की उम्मीदवारी से पहले समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दकी ने उन्हें सपा का टिकट दिलवाया था, और दोनों नेताओं ने मिलकर जोश-खरोश के साथ नामांकन कराया था। लेकिन अब शुएब अहमद के अचानक चुनावी मैदान से हटने से हल्द्वानी नगर निगम के मेयर चुनाव में ताजातरीन उलटफेर हुआ है, जो आगामी चुनावी रणनीतियों पर प्रभाव डाल सकता है।